तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 9 दिसंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

छग मत्स्य महासंघ ने एक ही ठेकेदार को पुनः ठेका देने का जताया विरोध



## खबर संक्षेप

### एंटी रैबीज टीकाकरण हेतु आज लगेगा शिविर

**कोरबा।** 9 दिसंबर को पालतू एवं आवारा स्वानो, बिल्लियों का एंटी रैबीज टीकाकरण एवं कृमि दवा वितरण हेतु डा. राजेन्द्र प्रसाद नगर फेस-वन स्थित दशहरा मैदान में प्रातः 10 बजे से शिविर का आयोजन किया जाएगा, समस्त स्वान, बिल्ली पालकों एवं पशु प्रेमियों से निगम द्वारा अपील की गई है कि वे अपने स्वान, बिल्ली को शिविर में लाये तथा निःशुल्क टीकाकरण कराएं। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डा. संजय तिवारी ने बताया कि नगर पालिक निगम एवं पशु चिकित्सा सेवाएं कोरबा के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क एंटी रैबीज टीकाकरण व कृमि दवा वितरण के लिए शिविर का आयोजन 9 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से दशहरा मैदान आर.पी. नगर फेस-1 में आयोजित किया गया है।

### युवा उत्सव एवं महिला खेलकूद 19 व 20 को

**कोरबा।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन संपन्न किया जाना है। युवा उत्सव में भाग लेने वाले कलाकारों में जिला स्तर पर विजेता प्रतिभागियों को राज्य स्तर तथा राज्य स्तर के विजेताओं को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में सम्मिलित किया जायेगा। युवा उत्सव आयोजन में इस वर्ष आयु वर्ग 15 से 29 वर्ष तक (प्रतिभागियों हेतु) एवं 18 से 40 वर्ष तक (संगतकारों हेतु) निहित की गई है। जिसके अंतर्गत विधाएं लोक नृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोक गीत, वाद-विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, एकांकी, पारंपरिक वेशभूषा, रॉक बैंड सहित कुल 14 विधाएं शामिल की गई हैं। कोरबा जिला में युवा उत्सव का आयोजन 19 एवं 20 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से वि.गृ.उ.मा.वि. क्र 01, कोरबा में आयोजित किया जाना है।

### डीएलसीसी व डीएलआरसी की बैठक 11 को

**कोरबा।** मार्गदर्शी बैंक योजना अंतर्गत जिला स्तरीय सलाहकार समिति, जिला पुनरीक्षा समिति की बैठक 11 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। यह बैठक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग की अध्यक्षता में शाम 4 बजे जिला पंचायत कोरबा के सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी। प्रबंधक मार्गदर्शी बैंक कोरबा ने बताया कि बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं हेतु वित्तीय वर्ष की उपलब्धि पर चर्चा, पीएमईजीपी और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना पर चर्चा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना पर भी चर्चा की जाएगी। साथ ही नेशनल लोक अदालत, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, जन-धन योजना एवं पशुपालकों, मत्स्य पालकों एवं उद्यानिकी हेतु किसान क्रेडिट कार्ड पर भी चर्चा की जाएगी।

### सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

**कोरबा।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कटघोरा कोरबा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम रा से यो के स्वयंसेवकों द्वारा प्रभात फेरी निकाला गया तत्पश्चात आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें ही गाजर घास उन्मूलन भी किया गया एवं पेड़ों के आसपास सफाई कर सफेद रंग से पुताई भी की गई। प्रो मनहरण अनंत ने स्वयंसेवकों से बौद्धिक चर्चा के दौरान संविधान बनने की प्रक्रिया और संविधान कैसे देश को संचालित कर रहा है तथा देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था का आधार स्तंभ संविधान ही है। डॉ देवेंद्र कुमार साहू ने स्वास्थ्यवर्धक जीवन एवं बागवानी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि छात्र जीवन से ही हमें छोटी बचत करनी चाहिए।

## हाड़ कंपा देने वाली ठंड से कैदियों को राहत देने धूप सेंकने की अनुमति, रात में कंबल की संख्या दोगुनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले का तापमान लगातार गिरता ही जा रहा है। हाड़ कंपा देने वाली ठंड में आम जनजीवन को बुरी तरह से प्रभावित कर दिया है तो वहीं दूसरी ओर जेल की चार दीवारें के भीतर रहने वाले कैदियों को भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन इस ठंड में कैदियों बीमारी ना हो इसके लिए जेल प्रबंधन ने ठंड से राहत देने के लिए कैदियों को दिन में दो बार बैरक से बाहर निकालकर धूप सेंकने की अनुमति दी गई है। इसके अलावा उनको रात में कंबल की संख्या दोगुनी कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों से लगातार जिले का तापमान गिरता ही जा रहा है। औद्योगिक नगरी होने के बाद भी चारों तरफ घने वन से अच्छादित है जिसकी वजह से तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। हाड़ कंपा देने वाली ठंड से लोग लगातार परेशान हैं। ठंडी हवा चलने लगी है ठंड से राहत पाने के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जेल के भीतर रहने वाले 210 कैदी भी इस ठंड से अछूते नहीं है और ठंड की वजह से कैदियों का हाल बेहाल है। कैदियों को जेल के भीतर किसी तरह की परेशानी ना हो और उन्हें किसी तरह की बीमारी ना हो इसके लिए जेल प्रबंधन ने भी जेल मैनुअल के तहत कैदियों को दो टाइम बैरक से बाहर निकालकर धूप सेंकने की अनुमति दी गई है। बताया जाता है कि सुबह 9 बजे और दोपहर को 1 बजे बैरक से बाहर निकाला जा रहा है और धूप में बाहर बैठने की दिशा पर पहल की गई है। इसके अलावा रात के समय ठंड से बचने के लिए कंबल की संख्या भी बढ़ा दी गई है। जेलर के मुताबिक पूर्व में एक कैदी को दो कंबल की सुविधा दी जाती थी लेकिन लगातार बढ़ती ठंड को देखते हुए कैदियों को रात के समय चार कंबल दिया जा रहा है। किसी भी बुजुर्ग कैदी को और कंबल की आवश्यकता होती है तो उनके अनुसार कंबल की आपूर्ति की जा रही ताकि ठंड से उन्हें राहत मिल सके।

### 210 कैदी जिला जेल में हैं बंद

**खास बातें**

- पूर्व में दो कंबल मिलता था कैदियों को
- सुबह और दोपहर दो टाईम बैरक से बाहर निकालकर दिखाया जा रहा धूप



**धूप के लिए निकाला जा रहा बाहर**

जिले में लगातार बढ़ती ठंड को देखते हुए जेल में बंद कैदियों को जेल के बैरक से बाहर निकालकर धूप सेंकने की अनुमति दी गई है। इसके अलावा पूर्व में एक कैदी को दो कंबल दिया जाता था लेकिन ठंड की वजह से अब चार-चार कंबल दिया जा रहा है। साथ ही उनके स्वास्थ्य पर भी लगातार ध्यान दिया जा रहा है।

-अमितेश साहू, जेल प्रभारी जिला जेल कोरबा

### निर्वाचन विभाग का अमला जुटा तैयारी में

## जिले में एसआईआर के डिजीटलाइजेशन का 99.8 फीसदी कार्य पूरा, अब बनेगी सूची

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत निर्वाचन आयोग के 1 जनवरी 2026 के लिए मतदाता सूची के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) बीएलओ द्वारा जिले के शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में घर घर जाकर पंजीकृत मतदाताओं के गणना प्रपत्रों को संग्रहण करने का एवं डिजीटलाइजेशन का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। जिले में इसका प्रतिशत 99.8 प्रतिशत बताया गया है और सूची बनाने की तैयारी शुरु कर दी गई है।

**खास बात**

- तैयार सूची का 16 दिसंबर को होगा प्रारंभिक प्रकाशन

जिले में 4 नवंबर से एसआईआर का कार्य शुरु हुआ है। चुनाव आयोग के निर्देश पर बीएलओ के द्वारा पहले चरण में घर घर जाकर मतदाता सूची में दर्ज नाम के आधार पर मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए गए इसके लिए प्राइमरी स्कूल के शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई गई थी इनके कार्यों का निरीक्षण समय समय पर जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा लगातार किया जा रहा है। कलेक्टर अजीत वसंत के द्वारा 1 जनवरी 2026 के लिए तैयार हो रही मतदाता सूची के कार्य की स्वयं समीक्षा की जा रही थी। कई बार फिल्ड में जाकर भी उन्होंने इस कार्य को देखा। गणना प्रपत्र बांटने के बाद उसके संग्रहण का कार्य शुरु हुआ। आयोग ने पूर्व में इसकी अंतिम तिथि 4 दिसंबर निर्धारित की थी। जिसे बाद में बढ़ाकर 11 दिसंबर किया गया है और गणना प्रपत्र लगभग सभी विधानसभा में जमा होने के साथ उनका डिजीटलाइजेशन भी पूर्णता की ओर है। डिप्टी डीआरओ माधुरी सोम ठाकुर के द्वारा कार्य में गति दी जा रही है। गणना पत्रक में वर्तमान मतदाता सूची की जानकारी पहले से दर्ज है जिसमें मतदाता के नाम, पता, उम्र फोटो आदि का विवरण शामिल है।



फाइल फोटो

**विधानसभावार फार्म वितरण और डिजीटलाइजेशन का विवरण**

| विस | फार्म का वितरण | ऑनलाइन |
| --- | --- | --- |
| रामपुर | 231074 | 231074 |
| कोरबा | 263511 | 262950 |
| पाली | 238210 | 237257 |
| कटघोरा | 218483 | 218483 |

## अज्ञात वाहन की टक्कर से अधिवक्ता की मौत, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मृतक

बालको क्षेत्र में निवास करने वाले एक अधिवक्ता सड़क हादसे का शिकार हो गया। अज्ञात वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया जिससे मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर जांच शुरू कर दी है।

**खास बातें**

- बालको थाना क्षेत्र के चेकपोस्ट के समीप हुआ हादसा
- मृतक वकालत के काम से निकला था घर से

जानकारी के अनुसार बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर 5 निवासी संतोष दास मानिकपुरी 55 वर्ष पिता स्व महात्मा मानिकपुरी रविवार को अपने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 12 एजे 0708 में सवार होकर अपने वकालत के काम से निकला था।

रात जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों को उसकी चिंता सताने लगी। इस दौरान परिजनों ने संतोष के मोबाइल पर कई बार संपर्क किया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। अगले दिन सुबह संतोष दास मानिकपुरी की लाश चेकपोस्ट के समीप मिला है बताया जाता है कि किसी अज्ञात वाहन ने संतोष दास की मोटरसाइकिल को चपेट में ले लिया है जिससे उनकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।




दुर्घटनाग्रस्त बाइक।

## बालको संयंत्र में हादसा, तीन कर्मी झुलसे



हादसे के समय मजदूरों की लगी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको संयंत्र के जीएपी में देर शाम को अचानक ब्लास्ट हो गया और आग लग गई। जिसकी जद में आने से तीन कर्मचारी झुलस गये हैं। हादसे में घायल हुए सभी श्रमिकों को बालको के विभागीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। हालांकि हादसे में कुल कितने लोग घायल हुए हैं इसकी अधिकृत पुष्टि नहीं हो पायी है। पुलिस का कहना है कि उन्हें मात्र एक श्रमिक के घायल होने की सूचना दी गई है। जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा कि संयंत्र में हुए हादसे में कुल कितने श्रमिक झुलसे हैं।

बालको संयंत्र में सोमवार की शाम लगभग 6 बजे जीएपी (ग्रीन एनोड प्लांट) में अचानक आग लग गई। जिसकी जद में आने से से तीन श्रमिक घायल होने की सूचना सामने आ रही है। हालांकि अधिकृत तौर पर मात्र एक श्रमिक घायल होने की जानकारी पुलिस ने दी है। जो मूलतः बिहार ⏭ शेष पेज 3 पर

## छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 25 वर्ष की कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक साल पूर्व एक छात्र जब स्कूल से घर लौट रही थी तो बीच रास्ते में एक युवक ने उसका रास्ता रोककर उसे बहला फुसलाकर मोटरसाइकिल में बिठाकर जंगल ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। मामले में आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर न्यायालय अपर सेशन न्यायाधीश डॉ.ममता भोजवानी ने आरोपी को 25 वर्ष सश्रम कारावास व 5 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि जमा न करने पर आरोपी को दो माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा।

विशेष लोक अभियोजक सुनील कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत एक 14 वर्ष किशोरी अगस्त 2024 में स्कूल से छुट्टी होने पर वह अपने घर लौट रही थी कि इसी दौरान सोनालिया मोड़ मल्टीलेवल पार्किंग के पास मोटरसाइकिल सवार एक युवक ने छात्रा के पिता का नाम बताते हुए उसे बहला फुसलाकर घर छोड़ने के बहाने मोटरसाइकिल में बिठाकर उसे बुंदेली जंगल ले गया था और बुंदेली जंगल में दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। जिसके उपरांत युवक ने उसे पुनः सोनालिया मोड पर छोड़ दिया था। मामले में दुष्कर्म व अपहरण की घटना को अंजाम देने वाले बरमपुर कुसमुंडा निवासी कृष्ण यादव उम्र 32 वर्ष पिता बुधराम यादव के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया था। मामले की सुनवाई न्यायाधीश डॉ ममता भोजवानी न्यायालय अपर सेशन में चल रही थी जहां आरोपी कृष्ण यादव के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर 25 वर्ष का सश्रम कारावास व 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक सुनील कुमार मिश्रा ने पैरवी की है।

**खास बात**

- कोतवाली थाना क्षेत्र के सोनालिया मोड़ से ले गयाथा छात्रा को

## दीपका खदान में हैवी ब्लास्टिंग से दोपहर में ही छा गया अंधेरा



ब्लास्टिंग से उठते धूल के गुबार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

सोमवार को दीपका कोयला खदान में मलगांव फेस में रोजाना हैवी ब्लास्टिंग की जा रही है। ब्लास्टिंग की तीव्रता इतनी ज्यादा है कि ब्लास्टिंग का धूल जिसमें बारूद की दुर्गंध मिश्रित जो पूरे हरदीबाजार को अपनी आगोश में ले रही है। जहां शनिवार को हुई तेज हैवी ब्लास्टिंग के बारुद मिश्रित धूल से पूरा हरदीबाजार ढ़क गया।

वही सोमवार को भी कोयला उत्खनन के लिए की गई हैवी ब्लास्टिंग बारूद की दुर्गंध के साथ धुल के गुब्बार से दोपहर 2 बजे का समय सूर्य छिप गया, मानों कुछ मिनटों के लिए दोपहर में रात लगने लगी। हरदीबाजार में निर्मित कच्चे मकान से लेकर तीन मंजिला इमारत खतरे में है जो कभी भी धराशाई हो सकती है। लोगों को निरंतर धुल डस्ट से, एलर्जी, सर्दी, जुकाम, आंखों में जलन, खांसी-जुकाम जैसे अलग-अलग प्रकार की समस्या उत्पन्न हो रही है। जिला प्रशासन को एसईसीएल दीपका प्रबंधन पर नकेल कसने की जरुरत है जिससे मानव जीवन स्वस्थ व सुरक्षित रहे।

### उद्योग मंत्री ने नगर निगम के पथर्रीपारा में किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

## विकास के मूलमंत्र के साथ सरकार कर रही कार्य : लखनलाल


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के मूलमंत्र के साथ राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में विगत दो वर्ष के कार्यकाल में राज्य सरकार ने पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए एक जनहितैषी व जनकल्याणकारी सरकार की छबि बनाई है। जहां तक कोरबा के विकास का प्रश्न है तो विगत दो वर्ष के दौरान नगर निगम क्षेत्र के विकास के लिए 8 सौ करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यो को स्वीकृत दी जा चुकी है।




भूमिपूजन करते उद्योग मंत्री लखन देवांगन व अन्य।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने वार्ड क्रमांक 20 पथर्रीपारा में 25 लाख की लागत से हो रहे विकास कार्यों के भूमिपूजन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाएं देश में चलाई है, जिनका सीधा लाभ देश के करोड़ों लोगों को मिल रहा है, वहीं मुख्यमंत्री की अगुवाई में राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार मुक्त शासन प्रशासन की दिशा तय करते हुए विगत दो वर्षो के दौरान पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य किया है तथा आमजनता के हित में दर्जनों योजनाएं संचालित की है। नगर निगम द्वारा बजरंग बली मंदिर से गीतादेवी के घर तक एवं नीलगिरी बस्ती में 15 लाख रूपये की लागत से सीसी रोड का निर्माण तथा कोसाबाड़ी जोनांतर्गत महर्षि वाल्मीकि आश्रम में 10 लाख रूपये की लागत से टायलेट एवं बाथरूम का निर्माण कराया जाना है। कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि निगम क्षेत्र में विकास कार्यों को लगातार गति दी जा रही है, जनसमस्याएं दूर की जा रही हैं, निश्चित रूप से आगे आने वाले समय में शीघ्र ही कोरबा एक माडल शहर का स्वरूप धारण करेगा। भूमिपूजन के दौरान महापौर, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, पार्षद नरेन्द्र देवांगन, चन्द्रलोक सिंह, एमआईसी सदस्य अजय सिंह गोंड़, ममता यादव, पार्षद पंकज देवांगन, प्रताप सिंह कंवर, निगम के उपायुक्त नीरज कौशिक, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, अश्वनी दास, सुनील वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।



**खबर संक्षेप**

### रिसार्ट में खड़ी 20 लाख की बाइक में तोड़फोड़



**बिलासपुर।** रिसार्ट में खड़ी 20 लाख की बाइक में दो युवक बैठकर फोटो खिंचा रहे थे। बाइक मालिक मना किया तो युवकों ने उनके साथ विवाद करते हुए बाइक को पटक दिया। पुलिस ने युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। बेलगहना चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ठाकुर ने बताया, ओमनगर जरहाभाठा निवासी अंकित बंजारे पिता स्व. दिलचंद बंजारे प्रापर्टी डीलिंग करते हैं। 7 दिसंबर को वे अपनी 20 लाख के सुजुकी हाया बुसा बाइक क्रमांक सीजी 10 बी वाय, 5712 से दोस्त प्रांजल दुबे के साथ बेलगहना कुरदर रिसार्ट घूमने गए थे। उन्होंने अपनी 20 लाख की बाइक रिसार्ट के अंदर खड़े किया था। रिसार्ट में 8 से 10 लोग बाहर से घूमने आए थे और रूके थे। उसमें से दो युवक उनके 20 लाख के बाइक में बैठकर फोटो खींचा रहे थे। उन्होंने बाइक भारी होने की बात कहते हुए दूर से फोटो खिचाने के लिए बोले। इससे दोनों युवक ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए बाइक को गिरा दिया। जिससे गाड़ी के पार्ट्स टूटकर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। क्षतिग्रस्त पार्ट्स की कीमत डेढ़ लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने श्री बंजारे की रिपोर्ट पर अज्ञात दो लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 295, 351, 2, 324, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### शासकीय सेवक की कार में भीड़ ने की तोड़फोड़

**बिलासपुर।** मरही माता मंदिर से वापस आ रहे शासकीय सेवक के कार में रावत नाच रहे लोगों ने लाठी से मारकर तोड़फोड़ कर दी है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। बेलगहना चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ठाकुर ने बताया, रामावैली निवासी शासकीय सेवक दीपक कुमार दुबे पिता एचजी दुबे 7 दिसंबर को पत्नी सुगुना दुबे, बेटी काव्या दुबे के साथ कार क्रमांक सीजी 10 एडी, 6250 में मरही माता मंदिर दर्शन करने भनवारटंक गए थे। वापस आते समय शाम 6.30 बजे बेलगहना तहसील चौक के पास रावत बाजार होने से काफी भीड़ था, बेलगहना में रावत नाच चल रहा था। वे धीरे धीरे चौक से आगे निकल रहे थे। इसी दौरान 6 से 7 रावत आए और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी से कार के सामने के कांच में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने श्री दुबे की रिपोर्ट पर अज्ञात 6 से 7 यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 3, 5, 324, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



**रसूखदार चला रहे मेडिकल दुकान** | **नाममात्र जगहों पर फार्मासिस्ट, ग्रामीण क्षेत्रों की हालत बदतर**

# फार्मासिस्टों के लाइसेंस 'गिरवी' ... मुखौटा लगाकर मेडिकल दुकान चला रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में संचालित 2100 मेडिकल दुकानों के संबंध में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग को इस बात की जानकारी नहीं है कि संचालित मेडिकल दुकान में क्या संचालक ही फार्मासिस्ट हैं? क्या फार्मासिस्ट नौकरी पर रखे गए हैं? या फिर संचालक द्वारा फार्मासिस्ट के लाइसेंस किराए पर लिए गए हैं। विभाग के पास यह जानकारी नहीं होने का दुष्परिणाम यह है कि ज्यादातर दुकानों खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में फार्मासिस्टों के लाइसेंस महज सात-सात हजार रूपए में मासिक किराए पर लेकर लोग मेडिकल दुकान संचालित कर रहे हैं, जो लोगों की सेहत खराब करने के लिए पर्याप्त है।

मेडिकल दुकान का संचालन करने के लिए मालिक को स्वयं का लाईसेंसी होना अनिवार्य नहीं है। दुकान पर लाईसेंसी फार्मासिस्ट रखकर भी मेडिकल दुकान संचालित की जा सकती। बस शासन के इसी नियम को आधार मानकर पैसे के दम पर लोगों ने अंधाधुंध मेडिकल दुकान खोल लिए हैं। गैर लाइसेंसी व्यक्तियों को भी मेडिकल दुकान के संचालन की अनुमति शासन द्वारा इसी शर्त पर दी गई है कि संचालक अपने प्रतिष्ठान में अनिवार्य रूप से पंजीकृत फार्मासिस्ट की नियुक्ति करें, जो दुकान खुलने से लेकर बंद होने तक स्वयं दुकान में उपस्थित रहकर ग्राहकों को मांगी गई दवा का वितरण कर सके।



इसके विपरीत संचालकों ने पंजीकृत फार्मासिस्टों के नाम पर मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस ले लिए हैं और पांच से सात हजार रूपए वाले कर्मचारी रखकर दुकानों का संचालन कर रहे हैं। हद तो यह है कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के पास इस तरह का कोई डेटा उपलब्ध ही नहीं है। विभाग द्वारा मेडिकल दुकानों में जाकर समय-समय पर प्रतिबंधित, नशीली एवं कालातीत दवाओं का स्टॉक तो चेक किया जाता है, लेकिन यह चेक क्यों नहीं किया जाता कि दुकान के संचालक के पास फार्मासिस्ट की डिग्री है या नहीं? नहीं है तो दुकान में फार्मासिस्ट पदस्थ है या नहीं? या दुकान किराए के लाईसेंस पर तो नहीं संचालित हो रही है?

### सात हजार में सिर्फ लाइसेंस 15 हजार में फार्मासिस्ट

बी-फार्मा या एम फार्मा की पढ़ाई के बाद संबंधितों द्वारा फार्मेसी कौंसिल ऑफ इंडिया में रजिस्ट्रेशन कराया जाता है। इसके बाद मेडिकल दुकान खोलने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग से लाईसेंस लिया जाता है। रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट अगर स्वयं मेडिकल दुकान न चलाकर किराए पर देने की स्थिति में वर्तमान में सात हजार रूपए मासिक किराया तय है। फार्मासिस्ट अगर लाइसेंस के साथ मेडिकल दुकान पर नौकरी भी करना चाहे तो उसे 13 से 17 हजार रूपए तक वेतन दिया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में फार्मासिस्टों के लाइसेंस किराए पर लेकर मेडिकल दुकान चलाने का कारोबार जोरों पर है। जांच का सघन अभियान चलाया गया तो ऐसे मेडिकल दुकानों की संख्या सैकड़ों में निकल आएगी।

### फार्मासिस्ट छुट्टी पर, तो दवा कौन देगा?

मान लिया जाए कि किसी मेडिकल दुकान संचालक द्वारा शासन के नियमों के अनुसार रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट का लाईसेंस इस्तेमाल किया जा रहा है, साथ ही उसे नौकरी पर भी रखा गया है, जो पूरे दिन दुकान पर ग्राहकों को दवा उपलबध करा रहा है। फार्मासिस्ट के लंबी छुट्टी पर या दुकान में फार्मासिस्ट की नियुक्ति ही नहीं होने की स्थिति में उस मेडिकल दुकान में दवा का लेनदेन कौन करेगा? क्या फार्मासिस्ट के वापस काम पर लौटते तक मेडिकल दुकान बंद रखी जाएगी? क्योंकि फार्मासिस्ट के अलावा तो उस दुकान पर किसी को भी दवा का लेनदेन करने का अधिकार ही नहीं है। खुद संचालक को भी नहीं। इसके विपरीत दुकानें चल रही हैं, और अपनी शर्तों पर ही चल रही हैं।

### जानकारी उपलब्ध नहीं है

विभाग पंजीकृत फार्मासिस्टों को मेडिकल दुकान संचालन के लिए लाइसेंस जारी करता है। जिले में 21 सौ लाईसेंस जारी किए गए हैं, लेकिन संचालक कौन हैं? दुकान में फार्मासिस्ट कौन हैं? क्या दुकान किराए के लाइसेंस पर संचालित है? इस तरह की कोई भी जानकारी विभाग के पास उपलब्ध नहीं है।

**-भीष्मदेव सिंह**, सहायक औषधि नियंत्रक

**बिना अनुमति आवासीय क्षेत्र में व्यावसायिक कारोबार, डेयरी और ज्वेलरी शाप भी चल रहे हैं**

# विद्या-विनोबानगर के घरों में दुकानें खुल गईं 100 से अधिक के पास कोई दस्तावेज नहीं




### खुद कारोबार या किराए पर दे दिया

निगम के मुताबिक जिस मकान में भी बिना अनुमति के शटर वाली दुकान खोली गई है उससे जुर्माना वसूल किया जाएगा। इसके अलावा ऐसे मकान मालिकों से उतने हिस्से का टैक्स कमर्शियल के तौर पर वसूला जाएगा। निगम के इस नए आदेश से ऐसे लोगों में जमकर खलबली है जिन्होंने अपने घरों में एक नहीं बल्कि कई दुकानें बना रखी हैं। वे इन दुकानों में खुद कारोबार कर रहे हैं या किसी व्यापारी को किराये पर दे रखा है। निगम के मुताबिक जांच के दौरान यह देखा जाएगा कि घर के कितने हिस्से में दुकान है। यदि 1000 वर्गफीट के घर में 100 वर्गफीट की दुकान है तो केवल 100 वर्गफीट का ही व्यावसायिक टैक्स लगेगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के सबसे पास इलाकों में से एक विद्या-विनोबानगर में लोगों ने घरों में दुकानें खोल ली हैं, जबकि यह पूरी तरह आवासीय क्षेत्र है, यहां कोई भी व्यावसायिक काम नहीं किया जा सकता है। यही नहीं इस क्षेत्र में 24 मेडिकल की दुकानें, 22 ब्यूटी पार्लर से लेकर, सुपर मार्केट, कोचिंग सेंटर और ज्वेलरी शाप चल रहे हैं। एक बड़ा अस्पताल भी फिलहाल इसी आवासीय क्षेत्र में बन रहा है जो कि नियमों के खिलाफ है। अब लगातार मिल रही शिकायत के बाद नगर निगम की ओर से ऐसे 140 से अधिक लोगों को नोटिस जारी किया गया है जो कि बिना अनुमति आवासीय क्षेत्र में व्यावासायिक कारोबार कर रहे हैं। इससे क्षेत्र में हड़कंप है। निगम आयुक्त अमित कुमार अब स्वंय इन मामलों की सुनवाई करेंगे। जिन 100 से अधिक लोगों ने अभी तक दस्तावेज पेश नहीं किए हैं उन पर कार्रवाई तय मानी जा रही है।

- नोटिस के बाद हड़कंप

विद्या-विनोबानगर क्षेत्र पर नजर डालें तो जब मैग्नेटो माल बना था तो उसके सामने की रोड से लेकर एक तरफ व्यापार विहार और दूसरी तरफ श्रीकांत वर्मा मार्ग तक को कमर्शियल कर दिया गया था। बुलेट शो रूम के बगल से जाने वाले रास्ते से लेकर गायत्री मंदिर चौक तक, गायत्री मंदिर चौक से व्यापार विहार तक और गायत्री मंदिर चौक से लिंक रोड चौक तक लेकिन पूरा क्षेत्र अभी भी आवासीय ही है। यहां किसी प्रकार का कोई भी दुकान या व्यासायिक काम नहीं किया जा सकता लेकिन फिलहाल हालत यह है कि घरों घर में दुकानें खोल ली गईं हैं।

### घरों और दुकानों में नोटिस चस्पा

इस क्षेत्र में फुटपाथ पर ठेले और दूसरे काम संचालित हों रहीं हैं। इसमें से अधिकांश के पास कोई अनुमति भी नहीं है। अब निगम ने लेकिन ऐसे लोगों को नोटिस दिया है। जिन लोगों ने नोटिस लेने से इंकार किया, उनके घरों और दुकानों में इसे चस्पा कर दिया गया है। नोटिस में भू स्वामी संबंधी दस्तावेज, स्वीकृत मानचित्र, संपत्तिकर और गुमास्ता लाइसेंस 3 दिन में पेश करने कहा गया है। जवाब पेश नहीं करने पर एकतरफा कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। अब इस नोटिस से हड़कंप है और अपने स्तर पर राजनीति भी शुरू हो गई है। निगम अधिकारियों पर दबाव भी डाला जा रहा है। हालांकि निगम का कहना है कि नियमानुसार ही कार्रवाई होगी।

### घरों में खुली हैं 10 हजार से ज्यादा दुकानें

गौरतलब है कि संपत्ति कर बढ़ाने को लेकर नगर निगम अपना सर्वे कर रहा है जिसमें कई बातें बातें सामने आ रहीं हैं। इसमें मालूम पड़ रहा है शहर में 10 हजार से ज्यादा मकान ऐसे हैं जहां दुकानें खुल गई हैं। इन दुकानों के बाहर किसी भी तरह की कोई पार्किंग नहीं है। इस वजह से वार्डों से होकर गुजरने वाली बायपास सड़कों पर जाम लग रहा है। इसका असर शहर की सभी सड़कों पर भी हो रहा है। ट्रैफिक जाम बढ़ रहा है। इतना ही नहीं मकान वाले निगम को संपत्तिकर आवासीय का दे रहे हैं, लेकिन दुकानों का उपयोग कमर्शियल हो रहा है। इससे निगम को हर साल करीब करीब 10 करोड़ का नुकसान हो रहा है।

### जारी किया गया है नोटिस

निगम की ओर से ऐसे लोगों को नोटिस जारी किया गया है जो कि बिना अनुमति आवासीय क्षेत्र में व्यावसायिक कारोबार कर रहे हैं। नोटिस में भू स्वामी संबंधी दस्तावेज, स्वीकृत मानचित्र, संपत्तिकर और गुमास्ता लाइसेंस 3 दिन में पेश करने कहा गया था। कई लोगों के जवाब अभी तक नहीं मिले हैं। निगम आयुक्त हर गुरुवार को इन मामलों की सुनवाई करेंगे। जवाब पेश नहीं करने पर एकतरफा कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

**- अनुपम तिवारी**, भवन शाखा अधिकारी

**हत्या की आशंका**

## ड्राइवर की शराब दुकान के पास लाश मिलने से सनसनी



**बिलासपुर।** बच्चों के लिए कपड़ा खरीदने शहर आए निजी स्कूल के ड्राइवर की शराब दुकान के पास लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। चेहरे में दो जगहों पर चोट के निशान मिलने से हत्या होने की आशंका जताई जा रही है।

सकरी टीआई विजय चौधरी ने बताया, सोमवार की सुबह सूचना मिली सकरी शराब दुकान के पास एक व्यक्ति की लाश पड़ी है और पास में बाइक खड़ी हुई है। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई। गले में आईडी कार्ड लटका हुआ था, जिससे उसकी पहचान हिर्री माइंस इन्द्रपुरी निवासी प्रहलाद साहनी 50 साल के रूप में हुई। वह निजी स्कूल में ड्राइवर का काम करता था। उसके चेहरे पर दो जगहों में मारपीट करने के चोट के निशान थे। एफएसएल एक्सपर्ट के द्वारा शव का परिक्षण किया गया है। उसके बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया गया है। पृथम दृष्टया शराब दुकान के पास शव मिलने व चेहरे में चोट के निशान मिलने पर पुलिस हत्या मानकर जांच में जुट गई है। पुलिस आसपास में रहने वालों से पूछताछ कर शराब दुकान के पास सक्रिय होकर मारपीट गुण्डागर्दी करने वाले संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।




### कपड़ा खरीदने आया था शहर

टीआई श्री चौधरी ने बताया, मृतक रविवार को गांव से घरवालों को बच्चों के लिए कपड़ा खरीदने की बात कहकर शहर आया था। रात 8 बजे उन्होंने अपने बेटे को फोन कर बताया वह रात में बिलासपुर में रूकेंगे। उसके बाद उनका मोबाइल बंद हो गया था।

# न्याय मांगने एसएसपी कार्यालय पहुंचे मृतक छात्र अर्सलान के पिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी परिसर के तालाब में जिस छात्र अर्सलान अंसारी की लाश मिली थी, उसके पिता अर्शद अयूब अंसारी सहित परिजन बिहार से यहां पहुंचे हुए हैं। सोमवार को मृतक छात्र के पिता अपने बेटे की मौत मामले में न्याय मांगने एसएसपी कार्यालय पहुंचे थे, लेकिन एसएसपी रजनेश सिंह के बाहर होने के कारण उन्हें आज वापस लौटना पड़ा।

- अब तक की जांच पर जताया असंतोष
- कुलपति, कुलसचिव से मिलेंगे

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के मृतक छात्र अर्सलान अंसारी के परिजन छपारा बिहार से यहां यूनिवर्सिटी पहुंचे हुए हैं। छात्र के पिता अर्शद अयूब अंसारी समेत परिजन 6 दिसंबर से यहां आए हुए हैं और अपने पुत्र के मामले में पुलिस ने अब तक क्या जांच और यूनिवर्सिटी ने क्या किया यह जानने इधर-उधर चक्कर काट रहे हैं। छात्र अर्सलान के पिता आज एसएसपी आफिस न्याय मांगने पहुंचे थे, किन्तु एसएससी रजनेश सिंह के बाहर होने के कारण उनकी मुलाकात नहीं हो पाई। मृतक छात्र के पिता अर्शद अंसारी का कहना है कि उनके पुत्र की मौत हुए 45 दिन गुजर गए हैं और वे इतने दिनों दुबारा यहां आए हैं। वे पुलिस थाना भी गए थे लेकिन वहां पर उन्हें पानी में डूबने वाली पुरानी बात कही जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी नहीं दिया जा रहा है।



एसपी ऑफिस पहुंचे मृतक के परिजन।

उन्होंने बताया कि उन्हें समाचारों के माध्यम से पता चला है कि अर्सलान की मौत पानी में गिरने के पहले हो गई थी, इसलिए उन्हें संदेह है कि उसकी हत्या कर पानी में लाश को फेंक दिया गया होगा। इसलिए वे जानना चाहते हैं उनके पुत्र के मौत मामले में पुलिस ने अब तक क्या जांच, कार्रवाई की है। उन्होंने यूनिवर्सिटी जाकर कुलपति और कुलसचिव से इस मामले को लेकर मिलने की बात कही है।

### तालाब में मिली थी छात्र की लाश

छपरा बिहार निवासी छात्र अर्सलान अंसारी गुरु घासीदास सेंट्रल में बीएससी फिजिक्स की पढ़ाई यूनिवर्सिटी के हास्टल में रहकर करता था। 21 अक्टूबर को अर्सलान हास्टल के अपने कमरे से निकलकर तालाब की ओर सीसीटीवी कैमरे में जाता दिखा। करीब तीन-चार दिनों बाद 24 अक्टूबर को यूनिवर्सिटी परिसर स्थित तालाब में एक लाश तैरते दिखी, जिसे पुलिस द्वारा तालाब से बाहर निकलवाया गया। इसकी सूचना छात्र के परिजनों को दी गई और 26 अक्टूबर को उसके पिता, परिजनों ने यहां आकर उसकी शिनाख्त अर्सलान के रूप में की। पोस्टमार्टम के बाद छात्र की लाश को परिजन छपरा बिहार ले जाकर सामाजिक रीति रिवाज से कफन दफन किए थे।

# अवैध ड्राइविंग स्कूलों की होगी जांच

**बिलासपुर।** शहर में बिना लाइसेंस के 2 दर्जन से अधिक ड्राइविंग स्कूल चल रहे हैं। इन स्कूलों के संचालक नियमों को तांक पर रखकर नौसिखियों को गाड़ी चलाना सिखा रहे हैं। वहीं अब आरटीओ की नजर इन ड्राइविंग स्कूलों पर है। आरटीओ ने टीम बनाकर ऐसे ड्राइविंग स्कूलों की नियमित जांच के आदेश दिए हैं। इसके बाद से अवैध ड्राइविंग स्कूल संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

- आरटीओ ने जारी किया आदेश

आरटीओ ने शहर में चल रहे अवैध ड्राइविंग स्कूलों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आरटीओ ने निरीक्षण का आदेश जारी किया है, इसके लिए टीम भी बनाई गई है। निरीक्षक, सहायक निरीक्षक और अन्य स्टाफ के साथ नियमित जांच के आदेश दिए गए हैं। खास बात यह है कि शहर में धड़ल्ले से 2 दर्जन से अधिक ड्राइविंग स्कूल खोले गए हैं। वहीं परिवहन विभाग ने बीते 6 सालों में महज 8 ड्राइविंग स्कूलों को ही शर्तों को पूरा करने के बाद लाइसेंस दिया है। कुछ ड्राइविंग स्कूल फैचाइंजी के तौर पर अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं।

### ← बिना कर्मशियल वाहन के ट्रेनिंग →

ड्राइविंग स्कूल में ट्रेनिंग देने के लिए सामान्य वाहनों का प्रयोग किया जाता है, जबकि इसके लिए आरटीओ द्वारा कर्मशियल वाहन रखने के नियम बनाए गए हैं। वहीं ड्राइविंग सीट और ट्रैनी के लिए अलग से स्टेरिंग, ब्रेक, क्लच भी वाहन में लगाएं जाते है, जबकि ऐसा वाहन ज्यादातर ड्राइविंग स्कूल में नहीं है। साथ ही ड्राइविंग स्कूल के नियमों के अनुसार ट्रैनी को सड़क पर वाहन चलवाने की मनाही की गई है, जबकि ज्यादातर ड्राइविंग स्कूल सड़क पर ही ट्रैनी चालकों से वाहन दौड़ा रहे हैं।

### जांच के आदेश दिए

मामला संज्ञान में आने के बाद हमनें जांच के आदेश दिए गए है। निरीक्षक छुट्टी पर है इसलिए जांच रिपोर्ट नहीं आई है।

**-असीम माथुर**, आरटीओ, बिलासपुर

**चार ट्रैक्टर ट्राली व चैन माऊंटेन भी जब्त**

# खनिजों का अवैध खनन व परिवहन, 4 हाइवा सहित नौ वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेत एवं मुरूम का अवैध उत्खनन व परिवहन करने के मामले में चार हाईवा सहित नौ वाहनों को जब्त किया गया है। जब्त सभी वाहन पुलिस के सुपर्दनामे में थाने में खड़े कर दिए गए हैं।

खनिज विभाग द्वारा एक सप्ताह के भीतर खनिजों के अवैध खनन एवं परिवहन के मामलों में कई कार्रवाई की गई है। इसके अंतर्गत एक दिसंबर को मटियारी क्षेत्र से खनिज मुरुम का अवैध परिवहन करते पाये गए हाईवा वाहन को जब्त कर पुलिस थाना सीपत के सुपुर्द किया गया है। इसी तरह दिनांक 3 दिसंबर को लमेर क्षेत्र से खनिज रेत का अवैध परिवहन करते एक हाईवा वाहन जब्त कर थाना कोनी की अभिरक्षा मे रखा गया है। आमागोहन क्षेत्र में खनिज मुरुम का अवैध खनन व परिवहन करते पाये जाने पर 01 चैन माउंटेन व 02 हाईवा वाहनों को जब्त कर मौके पर ही सील बंद कर चालकों को सुपुर्दगी में दिया गया है।

लमेर क्षेत्र में 6 दिसंबर को 03 ट्रेक्टर ट्राली द्वारा खनिज रेत का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर सभी वाहन जब्त कर थाना कोनी के सुपुर्दनामे में दिया गया। इसी तरह 7 दिसंबर को निरतू क्षेत्र से खनिज रेत का अवैध परिवहन करते 01 ट्रैक्टर ट्राली जब्त कर थाना सकरी की अभिरक्षा में रखा गया है। इस दौरान रेत माफियाओं द्वारा नदी पर आसानी से अपने वाहन उतारने के लिए तैयार किए गए रैंप को भी काटा गया है। माफियाओं द्वारा अवैध खनन एवं परिवहन के लिए निरतु, लोखड़ी, पाठबाबा व धुरीपारा क्षेत्र में रैंप बनाया गया था। विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।



### चलाया जाएगा अभियान

विभाग द्वारा खनिजों के अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध बीते एक सप्ताह से अभियान चलाया गया था। इस दौरान विभिन्न मामलों में चार हाईवा, एक चैन माऊंटेन सहित नौ वाहन जब्त किए गए हैं। विभाग की कार्रवाई वैसे तो जारी ही रहती है, लेकिन आगे और सघन अभियान चलाया जाएगा।

**-किशोर कुमार गोलघाटे**, उपसंचालक खनिज

### जंगली सुअर ने वृद्धा को नोचा, सिम्स में भर्ती

**बिलासपुर।** रतनपुर क्षेत्र के रानीगांव में जंगली सुअरों ने हमला कर वृद्धा को घायल कर दिया, जख्मी हालत में वृद्धा को सिम्स लाया गया। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना रतनपुर क्षेत्र के रानीगांव की है। जहां 65 वर्षीय महिला समिता बाई पति गोपाल प्रसाद खेत के मेढ़ में बैठी थी, इस दौरान दर्जन भर जंगली सुअर पहुंच गए। उन्होंने वृद्धा को निहत्था पाकर नोच दिया। आसपास के लोगों ने बीच बचाव कर सुअरों को भगाया, लेकिन वृद्धा घायल हो चुकी है। बेटे रामरतन ने एम्बुलेंस के सहारे सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। फिलहाल घटना की खबर लगते ही क्षेत्र में दहशत का माहौल है, वहीं आसपास के लोगों ने बताया कि जंगली सुअरों के कारण कई बार आम लोगों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## सेमरसोत अभयारण्य क्षेत्र से जब्त किया गया 20 नग साल चिरान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सेमरसोत अभ्यारण्य में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई का सिलसिला जारी है। तस्कर लगतार जंगल में पेड़ों की कटाई करने के साथ ही अभ्यारण्य क्षेत्र में कब्जा करने का प्रयास कर रहे है। एक बार फिर से सेमरसोत जंगल में विभाग ने इमारती लकड़ी बरामद करने के साथ ही अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की है। विभाग द्वारा जब्त किए गए लकड़ी की कीमत लगभग 20 हजार रुपए आंकी जा रही है।

बता दें कि सेमरसोत अभ्यारण्य क्षेत्र में इन दिनों अवैध रूप से पेड़ों की कटाई का कार्य जोर शोर से चल रहा है। तस्कर रात के अंधेरे में जंगल के अंदर इमारती लकड़ी के विशाल पेड़ों की आरा मशीन से कटाई कर रहे है और लकड़ी का चिरान बनाने का कार्य भी जंगल के अंदर ही किया जा रहा है। हाल ही में सेमरसोत अभ्यारण्य क्षेत्र में इस तरह की दो से तीन मामले सामने आ चुके है। वहीं एक बार फिर से सेमरसोत अभ्यान्य क्षेत्र के कोदौरा से बड़ी मात्रा में इमारती लकड़ी जब्त की गई है। अधिकारियों को सूचना मिली थी कि घर में भारी मात्रा में इमारती लकड़ी छिपाकर रखा गया है। ऐसे में उप निदेशक एलिफेंट रिजर्व सरगुजा के निर्देश पर अधीक्षक सेमरसोत अभ्यारण्य बीएस भगत व रेंजर विनय टंडन के नेतृत्व में टीम ने कोदौरा क्षेत्र के ग्राम सरगावा में जेम कुजूर आ. सैमुएल कुजूर के घर छापा मारा। इस छापामार कार्रवाई के दौरान टीम ने घर से 20 नग साल चिरान व 3 नग लकड़ी चीरने का औजार बरामद किया। जब्त की गई इमारती लकड़ी की कीमत लगभग 20 हजार रुपए आंकी गई है। इसके साथ ही विभाग ने सेमरसोत अभ्यारण्य के कक्ष क्रमांक पी 471 और पी 34 में अवैध रूप से किए गए निर्माण के खिलाफ भी कार्रवाई की है। कार्रवाई के दौरान सभी अतिक्रमण को हटाया गया। इसके साथ ही विभाग ने वनोपज को जब्त कर भारतीय वन अधिनियम 1927 एवं वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत कार्रवाई की है।



## खबर संक्षेप



### सरपंच संघ ने प्रशासन से मांगी 15वें वित्त और मूलभूत की राशि

**मड़वारानी।** जनपद पंचायत करतला के सरपंच संघ द्वारा जनदर्शन में जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर जनपद के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में बुनियादी सुविधाएं जैसे साफ सफाई, नलकूप खनन, बोरिंग सुधार सहित विद्युत सुधार कार्य मूलभूत एवं 15वें वित्त की राशि से कराए जाते हैं किंतु पिछले कई महीनों से उक्त राशि नहीं मिलने के कारण इस तरह के कार्य नहीं हो पा रहे हैं। प्रशासन के द्वारा ग्राम पंचायतों में विकास के लिए रेत रॉयल्टी की राशि भी जारी की जाती है। इसके साथ ही 15वें वित्त और मूलभूत की राशि भी जारी होती है। इस तरह तीन प्रकार की राशि जारी होने से ग्राम पंचायतों के समस्त जरुरी कार्य संपादित किए जाते हैं किंतु वर्ष 2021-22 से ग्राम पंचायतों को रेत रॉयल्टी की राशि भी नहीं मिली है जिससे उनके पंचायत क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों पर भी रोक लगी है। अपनी इन समस्याओं को लेकर सरपंच संघ के अध्यक्ष श्रवण कुमार राठिया, उपाध्यक्ष श्रीमती विज्ञानी कंवर, लीलावती कंवर एवं महामंत्री रमिला बाई राठिया सहित संगठन मंत्री अजय सिंह कंवर आदि शामिल थे।

### मेरिट में स्थान बनाने पर एमएससी की छात्रा ममता को मिला सम्मान




**कोरबा।** मिनीमाता शासकीय कन्या महाविद्यालय की मेधावी छात्रा ममता पैगवार ने एमएससी रसायन शास्त्र में विश्वविद्यालय मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का शानदार प्रदर्शन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर में आयोजित छठवें दीक्षांत समारोह में उन्हें सम्मानित किया गया। दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद, कुलाधिपति एवं राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपस्थिति में आयोजित समारोह के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने ममता को सम्मान प्रदान किया। 15 ब्लॉक कॉलोनी निवासी ममता पैगवार, एसईसीएल कर्मी गीत राम पैगवार की सुपुत्री हैं। ममता शुरुआत से ही प्रतिभाशाली छात्रा रही हैं। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर परिवार में हर्ष का माहौल है। साथ ही महाविद्यालय की प्राचार्य, संकाय सदस्यों एवं समस्त स्टाफ ने ममता को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

## निधन

### नूरजहां



**कोरबा।** अधिवक्ता एवं पार्षद अब्दुल रहमान तथा ग्राम यात्रा न्यूज़ नेटवर्क के संपादक अब्दुल सुल्तान की माता मरहूमा नूरजहां का सोमवार की सुबह लगभग 4 बजे निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रही थी। उनका अंतिम संस्कार पुरानी बस्ती कब्रिस्तान में किया गया जहां बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बालको संयंत्र...

निवासी रविशंकर यादव है। हादसे के होते ही मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई और मौके पर मौजूद कर्मचारियों की मदद से घायल रविशंकर यादव सहित अन्य कर्मचारियों को उपचार के लिए बालको के विभागीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत खतरे बाहर बतायी जा रही है। हादसे कैसे और किन परिस्थितियों में हुआ है यह स्पष्ट नहीं हो पाया गया है। जांच के बाद ही मामले से पर्दा उठ सकेगा।

# युक्तियुक्तकरण से नेवरिया पारा प्राथमिक शाला में आई शिक्षा की नई रोशनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**अलग खबर**

जिले के विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम नेवरिया पारा में स्थित प्राथमिक शाला वर्ष 1974 से बच्चों को ज्ञान का दीप जला रही है। लंबे समय से यह विद्यालय एकल-शिक्षकीय विद्यालय के रूप में संचालित हो रहा था, जहाँ केवल एक शिक्षक के सहारे 25 से अधिक बच्चों की शिक्षा व्यवस्था चल रही थी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा शिक्षा विभाग में स्कूलों में अतिशेष शिक्षको के युक्तिकरण हेतु दिए गए निर्देशों के अनुसार स्कूल शिक्षा विभाग ने युक्तिकरण की प्रक्रिया अपनाई।

इस प्रक्रिया में अतिशेष शिक्षकों को विभिन्न विद्यालयों में समायोजित किया गया और इसी के अंतर्गत सहायक शिक्षक

### वनांचल के स्कूलों में बनी थी शिक्षकों की कमी

**खास बात**

- एकल शिक्षकीय विद्यालयों में की जा रही शिक्षकों की पदस्थापना



विजय बहादुर सिंह को प्राथमिक शाला नेवरिया पारा में पदस्थापित किया गया। इससे विद्यालय में शिक्षकों की संख्या बढ़कर दो हो गई। प्रधानपाठिका श्रीमती रोहिणी तिवारी पहले से ही यहां पदस्थ थीं। विद्यालय की छात्राओं आकृति, हार्दिक, रूही, अलीशा, काव्य, कृतिका एवं छात्र प्रियांशु ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि पहले केवल एक शिक्षक के होने से पढ़ाई सीमित हो जाती थी, लेकिन अब दो शिक्षक आने से कक्षा संचालन बेहतर ढंग से हो रहा है और पढ़ाई में निरंतर सुधार हो रहा है। सहायक शिक्षक विजय बहादुर सिंह, जिन्होंने 16 जून को ज्वाइन किया था, ने बताया कि विद्यालय में बच्चे नियमित रूप से अध्ययन करते हैं और उनकी सीखने की क्षमता को बढ़ाने के लिए वे पूर्ण समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं। नेवरिया पारा प्राथमिक शाला में शिक्षकों की संख्या बढ़ने से न केवल बच्चों की पढ़ाई सुधरी है, बल्कि पूरे गांव में शिक्षा के प्रति नई ऊर्जा और उम्मीद का संचार हुआ है। यह बदलाव ग्रामीण शिक्षा को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### महापरीक्षा में 15 हजार 950 से अधिक नवसाक्षरों ने दिलाई परीक्षा

# सास-बहू और ससुर ने जगाई शिक्षा की लौ, जिले में उल्लास नवभारत महापरीक्षा बनी मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जिले में आयोजित उल्लास महापरीक्षा अभियान में 15 हजार 950 से अधिक लोगों ने भाग लेकर साक्षरता की दिशा में अभूतपूर्व कदम बढ़ाया। इस महाअभियान का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को इतना सक्षम बनाना है कि वे अपना फॉर्म स्वयं भर सकें, अपना नाम खुद लिख सकें और हस्ताक्षर करने में आत्मनिर्भर बन सकें।

जिले की सभी प्राथमिक शालाओं में आयोजित इस महापरीक्षा में नवसाक्षरों ने अपने दैनिक कार्यों से समय निकालकर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक




परीक्षा दिलाते सास, ससुर व बहू।

उत्साहपूर्वक परीक्षा दी। इस अभियान की विशेष बात यह रही कि सासदृबहू और ससुर एक साथ परीक्षा देने पहुंचे, जिससे शिक्षा के प्रति समाज में बढ़ती जागरूकता का अद्भुत संदेश गया। पाली विकासखंड के प्राथमिक शाला जमनीपारा में बहू संतोषी बाई, सास वृंदा बाई और ससुर भैयाराम श्याम ने एक साथ परीक्षा देकर शिक्षा का अलख जगाया। इसी तरह करतला ब्लॉक के प्राथमिक शाला मधुबनी में बापदृबेटी की प्रेरक जोड़ी देखने को मिली, जहां आशा प्रजापति ने अपने पिता पंचराम प्रजापति के साथ परीक्षा में शामिल होकर सीखने के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। पाली ब्लॉक के उड़ता संकुल स्थित प्राथमिक शाला छिंदपानी में 86 वर्षीय अंजोरा बाई का परीक्षा में शामिल होना पूरे अभियान का प्रेरणादायी क्षण बना। वहीं पाली विकासखंड के प्राथमिक शाला नुनेरा में सास विमला बाई और बहू शकुन ने साथ में परीक्षा देकर इस अभियान को और भी प्रभावशाली बनाया।

# इंस्पेक्टर नेहा साहू सस्पेन्ड आवेदन लंबित रखने पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पदीय कर्तव्यों के निर्वहन का निष्ठापूर्वक पालन नहीं करने पर निरीक्षक नेहा साहू को निलम्बित कर दिया गया है।

**खास बात**

- बिलासपुर स्थित सहायक नियंत्रक विधिक माप विज्ञान बिलासपुर किया गया अटैच

कार्यालय नियंत्रक, विधिक मापविज्ञान, छत्तीसगढ़ ने आदेश जारी कर निलम्बित किया है। जारी आदेश में लेख है कि निरीक्षक नेहा साहू के द्वारा सत्यापन हेतु पोर्टल में 82 आवेदन पत्र न्यूनतम 19 दिवस से अधिकतम 102 दिवस लंबित प्रदर्शित हो रहा है, जो लोक सेवा गांरटी अधिनियम 2011 के तहत विभागीय सेवांए (सत्यापन एवं मुद्रांकन) 15 कार्य दिवस निर्धारित है। इस प्रकार पदीय कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठापूर्वक पालन नहीं किया गया है। जो कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 का स्पष्ट उल्लंघन है। अतः कु. नेहा साहू निरीक्षक विधिक मापविज्ञान, कोरबा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में कु. नेहा साहू निरीक्षक विधिक मापविज्ञान, कोरबा का मुख्यालय कार्यालय सहायक नियंत्रक विधिक मापविज्ञान बिलासपुर निर्धारित किया गया है। कु. नेहा साहू निरीक्षक को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

# सीआईएसएफ ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका कोयलांचल क्षेत्र में सीआईएसएफ के जवानों ने शनिवार को एक व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया। यह अभियान स्वच्छता जागरूकता बढ़ाने और नागरिकों को अपने आसपास के क्षेत्र को साफ रखने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। अभियान में लगभग 80 जवानों ने श्रमदान किया। अभियान का क्षेत्र शक्तिनगर गेवरा से दीपका तक लगभग 7 किलोमीटर था। इसमें सार्वजनिक स्थल, पार्क और स्वास्थ्य केंद्र शामिल थे। दीपका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गार्डन परिसर, नगर पालिका परिषद क्षेत्र और आसपास के सार्वजनिक स्थानों पर जवानों ने झाड़ू लगाकर कचरा हटाया। नगर पालिका के दमकल वाहन की मदद से परिसर की धुलाई की गई। स्थानीय पार्कों और मुख्य सड़कों पर विशेष



सफाई अभियान चलाया गया। लाखों रुपये खर्च कर स्थापित की गई मूर्तियों की धूल और गंदगी को पानी से धोकर साफ किया गया। इस अभियान में दीपका नगर पालिका के सीएमओ राजेश कुमार गुप्ता, स्टाफ सचिन तेलंग, हेमंत देवांगन और सफाईकर्मी भी शामिल रहे। सीआईएसएफ के डीआईजी निर्विकार ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को अपने आसपास के इलाके और क्षेत्र को साफ रखने के लिए जागरूक करना था।

### रोजगार दिवसः ग्रामीणों को आजीविका डबरी और क्यूआर कोड की दी जानकारी

**कोरबा।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत जिले की ग्राम पंचायतों में रविवार को रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों एवं श्रमिकों को आजीविका डबरी से होने वाले लाभों, मनरेगा कार्यों की पारदर्शिता और निगरानी हेतु क्यूआर कोड स्कैन कर जानकारी प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। उल्लेखनीय है कि मनरेगा की आईईसी गतिविधियों के अंतर्गत प्रत्येक माह की 7 तारीख को ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस मनाया जाता है, जिसके माध्यम से मनरेगा की विशेषताओं, नवीन प्रावधानों तथा अधिकारों के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया जाता है। सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग ने सभी जनपद सीईओ एवं कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नियमानुसार प्रत्येक माह रोजगार दिवस आयोजित कर अधिकाधिक श्रमिकों को योजना से जोड़ा जाए।

# धान के अवैध भंडारण पर कार्रवाई 73 क्विंटल की बनाई गई जब्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

धान के अवैध भंडारण पर कार्रवाई करते हुए 73 क्विंटल धान की जब्ती बनाई गई है। जब्त धान की कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। उक्त कार्रवाई मंडी, खाद्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की जा रही है।

कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा जिले में अवैध धान के भंडारण एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। बाहरी क्षेत्रों से अवैध धान प्रवेश को रोकने हेतु चेक पोस्ट स्थापित कर सतत निगरानी कर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार 8 दिसंबर को राजस्व, खाद्य एवं मंडी के संयुक्त जांच दल ने बलौदा तहसील के ग्राम अंगारखार एवं हरदीविशाल छापेमारी कर अवैध धान व वाहन जप्त किया। तहसील बलौदा के ग्राम अंगारखार में सुमीरीत लहरें पिता दिनाराम लहरें के परिसर से 113 बोरी धान मात्रा



45.20 क्विंटल एवं ग्राम हरदीविशाल से गाड़ी क्रमांक सीजी 11 ए के 9475 से अवैध परिवहन करते 70 बोरी धान मात्रा 28 क्विंटल धान गाड़ी सहित थाना बलौदा के सुपुर्दगी में दिया गया। दोनों मामलों में करीब 73 क्विंटल धान की जब्ती बनाई गई है।

सभी मामलों में मंडी अधिनियम के अंतर्गत आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। श्री महोबे ने कहा कि धान खरीदी कार्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता, अवैध भंडारण या परिवहन में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा जाएगी।

# अवैध शराब व गांजा बिक्री बंद करने महिला समिति ने कलेक्टर से की मांग, सौंपा ज्ञापन




जागरुकता रैली लेकर पहुंचे कलेक्टोरेट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महिला समिति ने कलेक्टर ग्राम पंचायत कांजीपानी में पिछले कई सालों से अवैध शराब, गांजा की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। जिससे गांव की शांति व्यवस्था प्रभावित हो रही है। यहां के युवा, किशोर सहित स्कूली बच्चे भी शराब, गांजा पी रहे हैं। ग्राम पंचायत से महज 2 किलोमीटर दूरी पर चैतमा पुलिस चौकी है लेकिन अवैध शराब, गांजा बिक्री करने वाले लोगों को इससे कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है। पुलिस चौकी इतना नजदीक होने पर भी कार्यवाही नहीं होने से अवैध गतिविधि में शामिल लोगों के हौसले बुलंद है। साल भर पहले से महिला समुहों एंव जनप्रतिनिधियों से मिलकर ग्राम पंचायत को नशा मुक्त बनाने एवं अवैध शराब, गांजा बिक्री बंद करने के संबंध में लोगों को जागरूक कर रहे हैं। शराब बनाने वालों के घर घर जाकर शराब न बनाने हेतु जागरूक जागरूक कर रहे हैं। यहाँ स्थानीय पुलिस प्रशासन की डर न होने के कारण। शराब, गांजा बिक्री करने वाले लोग ग्राम समूह के महिला समूहों एवं जनप्रतिनिधियों को चुनौती दे रहे हैं। उनके द्वारा ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों को धमकी दिया जाता है। ग्राम पंचायत में अवैध शराब गाजा बिक्री पूर्ण रूप से बंद करने कलेक्टर अजीत वसंत से गुहार लगाई है। महिला समिति द्वारा अवैध शराब, गांजा बिक्री करने वालों के घर पर छापामार कर ठोस कार्यवाही करने की मांग की है।

### शराबबंदी को लेकर महिलाओं ने किया शांतिपूर्ण आंदोलन



मानिकपुर गांव की महिलाओं द्वारा गांव में विभिन्न स्थानों पर अवैध शराब बिक्री और शराब के कारण उत्पन्न सामाजिक समस्याओं के खिलाफ शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक शराबबंदी आंदोलन लगातार जारी है। इस आंदोलन में गांव की महिलाओं ने एकजुट होकर शराब बंद प्रदर्शन एवं आज दिनांक को शराबबंदी की मांग को समझने तथा संबंधित तथ्यों की जानकारी लेने ग्राम सरपंच जय सिंह आयम तथा थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू मानिकपुर पहुंचे। दोनों अधिकारियों की उपस्थित महिलाओं की समस्याएं एवं मांग को गंभीरता से सुना तथा आश्वासन दिया कि गांव में अवैध शराब की बिक्री, नशे की घटनाओं पर कार्रवाई की जाएगी और इस दिशा में उचित कदम उठाए जाएंगे।

# जूनियर लेवल की नेशनल कंपटीशन दो छात्रों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रशस्ति पत्र के साथ छात्र।

भारत विकास परिषद के द्वारा आयोजित भारत को जानो कंपटीशन के माध्यम से विद्यार्थियों को नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने का मौका मिल रहा है। दिल्ली पब्लिक स्कूल के दो विद्यार्थी जूनियर लेवल की नेशनल कंपटीशन कदिल्ली पब्लिक स्कूल के दो विद्यार्थी जूनियर लेवल की नेशनल कंपटीशन के लिए चयनित हुए हैं। छात्रों ने कहा कि वे राष्ट्रीय स्तर पर अपना और कोरबा का नाम रोशन करना चाहते हैं। डीपीएस बाल्को स्कूल के जूनियर टीम के दो छात्र अक्षत सुल्तानिया और दिवित प्रसाद ने रीजनल स्तरीय भारत को जानो कंपटीशन में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह कंपटीशन मध्य प्रदेश के शिवपुरी शहर में आयोजित की गई थी। दोनों छात्रों का कोरबा पहुंचने पर भारत विकास परिषद में स्वागत किया गया।

### दंतेवाड़ा में आयोजित थी थाई बॉक्सिंग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता

# बॉक्सर्स ने जीता दूसरा स्थान तो राजेश्वरी को रिंग ऑफ क्वीन का खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन एवं जिला दंतेवाडा थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय थाई बॉक्सिंग सब जूनियर,जूनियर एवं सीनियर प्रतियोगिता 4 से 6 दिसंबर तक पुराना मार्केट इनडोर स्टेडियम दंतेवाडा में आयोजित हुई। जिसमें 280 खिलाड़ी, 40 ऑफिसियल एवं 19 जिले से खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगता में भाग लिया। जिला थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव एवं ड्रेगन मार्शल आर्ट हेड कोच एवं डायरेक्टर अजीत शर्मा ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में कोरबा जिले से कुल 28 बॉक्सर्स, 6 ऑफिसियल 1 कोच 1 टीम मैनेजर ने इस प्रतियोगता में भाग लिया। जहां प्रोफेशनल



प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों की टीम।

सीनियर पुरुष/महिला महिला जूनियर एवं सीनियर का प्रो फाइट का आयोजन किया गया। जिसमें महिला वर्ग में जूनियर्स में ग्रेसी पन्ना एवं सीनियर वर्ग में कु राजेश्वरी लहरें ने रिंग ऑफ क्वीन का खिताब अपने नाम किया वो ड्रेगन मार्शल आर्ट क्लब की बॉक्सर है एवं उनके कोच अजीत शर्मा और महेश देवांगन है साथ ही राज्य स्तरीय थाई बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जिला को 18 स्वर्ण, 10 रजत एवं 1 कांस्य पदक प्राप्त हुआ। जिसमें प्रथम स्थान दंतेवाडा, दूसरा स्थान कोरबा एवं तीसरा स्थान दुर्ग रहा। जिसमें स्वर्ण पदक खुशाल सिंह राठौर, आयुष उरांव, वंश राठौर, हाशिम अली, अर्पित दुबे, आर्यन सिंह, हर्ष यादव, अविनाश प्रमाणिक, वैभव कृष्णा, फ्रांसिस कुजूर, दीपक रोहिदास, आलोक शर्मा, हर्षिता केवट, पल मायरा पासी , ग्रेसी पन्ना, प्राची राठौर, राजेश्वरी लहरे, आराध्या श्रीवास, रजत पदकः- अभिनव निर्मलकर, दीपेश अवस्थी, कुणाल पूरी गोस्वामी,अपर्णा चौहान,अर्पिता कौशिक, श्रेया नेगी, परिधि नेमी, जफीर हमजा, अनुज अग्रवाल, गौरव चौहान ने प्राप्त किया।

### शपथ पत्र

मैं संदीप कुमार शर्मा, उम्र 36 वर्ष पिता श्री नागेश्वर शर्मा, निवासी वैशाली नगर कुसमुंडा तह. कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.) का हूँ जो शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं :-

01. यह कि, आध्या मेरी पुत्री है, मेरी पुत्री के नाम पर जारी जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम काजल शर्मा एवं पिता का नाम संदीप शर्मा एवं माता का नाम काजल शर्मा दर्ज है।

02. यह कि, मेरी पुत्री का सही नाम आध्या है तथा पिता का सही नाम संदीप कुमार शर्मा एवं माता का सही नाम काजल कुमारी है जो हमारे नाम पर जारी आधार कार्ड में दर्ज है।

03. यह कि, मेरी पुत्री के नाम पर जारी जन्म प्रमाण पत्र में पिता का सही नाम संदीप कुमार शर्मा एवं माता का सही नाम काजल कुमारी दर्ज करवाना चाहता हूँ।

04. यह कि, यह शपथ पत्र मुझे अपने उपरोक्त कथनों के संबंध में संबंधित कार्यालय/विभाग में प्रस्तुत करना है।

**शपथकर्ता**
**संदीप कुमार शर्मा**



## खबर संक्षेप



### विभिन्न समस्याओं को नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** नगर पालिका परिषद बाँकीमोंगरा में व्याप्त मूलभूत सुविधाओं के निराकरण की मांग को लेकर विपक्षी पार्षदों ने राशन कार्ड में हो रही लेटलतीफ़ी, पेयजल व्यवस्था में लापरवाही, मुख्य चौक से लेकर जगह जगह की स्ट्रीट लाइट सही करने, सफ़ाई व्यवस्था सही करने सहित अन्य समस्यओं के निराकरण की माँग को लेकर सीएमओ को ज्ञापन सौंपा है एवं जल्द से जल्द समस्याओं के निराकरण की माँग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान नेता प्रतिपक्ष मधुसूदन दास, पार्षद तेजप्रताप सिंह, रूबी गुप्ता, राकेश अग्रवाल, राजकुमार मिश्रा, तालिका साहू, संदीप डहरिया, हेमंत साहनी, इंद्रजीत बिंझवार, केशव नाहक शामिल थे।

### वनस्पति शास्त्र विभाग के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**कोरबा।** पीजी कॉलेज में वनस्पति शास्त्र विभाग का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया।स शैक्षणिक भ्रमण में एमएससी वनस्पति शास्त्र प्रथम एवम तृतीय सेमेस्टर के 20 छात्र छात्राएं शामिल हुए। शिक्षक जेसी बसु ने इंडियन बोटैनिकल गार्डन का भ्रमण कर विस्तृत जानकारी दी। गार्डन के डायरेक्टर डॉ देवेंद्र सिंह ने छात्रों को विश्व के सबसे बड़े बरगद वृक्ष, विक्टोरिया अमेजोनिका, नक्षत्र वाटिका, टैक्सओनोमिक पार्क, चरक वाटिका की जानकारी प्रदान की साथ ही अनेक दुर्लभ एवं संकटापन्न पादप प्रजातियों के बारे में बताया। छात्रों ने सेंट्रल नेशनल हरबेरिम का भ्रमण कर भारत के सबसे बड़े हरबेरिम की जानकारी ली। सेंट्रल नेशनल हरबेरिम की वनस्पति शास्त्री डॉ दीप्ति डे ने इस इंस्टिट्यूट एवं हरबेरिम तकनीक पर प्रस्तुतिकरण दिया। छात्रों ने इस दौरान कोलकाता के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थान जैसे बिरला प्लेनेटोरियम, साइंस सिटी, विक्टोरिया मेमोरियल का भी भ्रमण किया। शैक्षणिक भ्रमण में वनस्पति शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ रेणुबाला शर्मा, तथा सहायक प्राध्यापक डॉ संदीप शुक्ला, सुशील अग्रवाल, डोलामणी साहू शामिल थे।

### 108 के कर्मचारियों को नहीं मिला है वेतन, 3 दिन बाद करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल

**कोरबा।** स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने वाली 108 एम्बुलेंस के कर्मचारी इन दिनों काफी परेशान है। 11 एंबुलेंस के जरिए जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में प्रमुख भूमिका निभाने वाले इन कर्मचारियों ने कहा है कि उन्हें ढाई माह से वेतन ही नहीं मिला उनका जीवन यापन करना मुश्किल हो गया है 108 के कर्मचारियों ने बताया की वेतन न मिलने और अन्य समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया गया लेकिन राहत नहीं मिली। एक बार फिर उन्होंने जनदर्शन में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि वेतन दिलवाया जाए अन्यथा तीन दिन बाद सभी कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। कर्मचारियों ने बताया कि जय अंबे नामक कंपनी 108 के जरिए सेवा प्रदान कर रही है। कंपनी द्वारा कर्मचारियों को सिर्फ 9910 रुपए वेतन दिया जाता है और बदले में 12 घंटे तक ड्यूटी करनी होती है। इन कर्मचारियों का यह भी आरोप लगाया है कि कंपनी एंबुलेंस का मेंटेनेंस नहीं करवा रही है जिसके कारण इसके जरिए सेवा प्रदान करना जोखिम भरा हो गया है।

### कन्हैयाजी वेलफेयर सोसायटी ने जरूरतमंदों को कंबल का किया वितरण

**कोरबा।** वेलफेयर सोसायटी (बीके) द्वारा शनिवार को वनांचल ग्राम केरवां, ढेंगुरगडीह, दरगा, पतरापाली में रहने वाले पहाड़ी कोरवाओं के साथ जरूरतमंद ग्रामीणों को निःशुल्क कंबल का वितरण किया। कंबल वितरण की यह पहल बढ़ती ठंड को देखते हुए जनजातीय समाज के लोगों को राहत दिलाने के उद्देश्य की गई। सोसायटी द्वारा कंबल वितरण का यह सातवां वर्ष था। वितरण के दौरान हरबीर सिंह होरा, टीपी गुप्ता, नरेश पांडेय, बलबीर कौर, शमा फैज आदि उपस्थित रहे।

# छग मत्स्य महासंघ ने एक ही ठेकेदार को पुनः ठेका देने का जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

मत्स्य महासंघ छत्तीसगढ़ द्वारा बागों बांध जलाशय को पुनः ठेके पर देने का विरोध तथा ठेकेदार से कोई भी अनुबंध नहीं करने का हसदेव बागों जलाशय के 22 पंजीकृत मछुवारा समितियों ने निर्णय लिया है। सोमवार को वर्तमान में मिनीमाता हसदेव बांगो जलाशय को ठेके पर लिए हुए ठेकेदार छत्रपाल पटेल तथा मत्स्य महासंघ ने स्थानीय 22 पंजीकृत मछुवारा समितियों के साथ सामूहिक बैठक आयोजित की थी।

उल्लेखनीय है कि स्थानीय मछुआरा समुदाय, जलाशय विस्थापित आदिवासी समाज जिनके 58 गांव बांध के कारण पूर्णतः डूब गए थे लंबे समय से सरकार की मत्स्य नीति का विरोध कर रहे जो कि जलाशय को 10 वर्षों की लीज पर दे देते हैं। बैठक वर्तमान में ठेकदार छत्रपाल पटेल और मत्स्य विभाग द्वारा संयुक्त रुप से आयोजित की गई थी जिसमें जलाशय की सभी 22 पंजीकृत मछुआरा समितियों से ठेकदार मछली के मूल्य पर अनुबंध करना चाहता था कि समितियां उस मूल्य पर मछली पकड़ कर ठेकदार को देगी। इस बैठक का सभी 22 समितियों के पदाधिकारी और स्थानीय विस्थापित आदिवासियों ने विरोध किया। छातापखना मछुआरा समिति के अध्यक्ष दीपक मंझवार ने बताया कि मत्स्य नीति का हम लंबे समय से विरोध कर रहें रहे है और इसी वर्ष 10 वर्षों का ठेका जून माह के पूरा हो रहा था इसलिए हमने शासन, अधिकारियों को इससे अवगत कराया कि ठेका प्रणाली हम स्थानीय का शोषण करती है इसलिए मत्स्य नीति में बदलाओं करके बांध के मत्स्यखेट की रॉयल्टी आधारित पुरानी प्रणाली पुनः लागू की जाय, और इसलिए हमारी किसी समिति ने ठेका में भाग नहीं लिया किंतु हमारी विनती और विस्थापितों की समस्याओं को अनसुना कर मत्स्य महासंघ ने ठेका जारी कर 51 लाख में मिनीमाता हसदेव बांध को नीलम कर दिया।

#### हसदेव बांगो जलाशय के 22 पंजीकृत मछुवारा समितियों ने लिया निर्णय



#### औने पौने दामों पर खरीदा जाता है मछली

नारी शक्ति मछुआरा समिति बुका के फिरतु बिंझवार ने बताया कि पिछला ठेकेदार हमसे औने पौने दामों पर मछलियां खरीदता था ऊपर से मना करने पर मारपीट, पुलिस की धमकी आम बात थी, इसी के साथ नियम में यह लिखा है कि हर साल ठेकदार को बांध में प्रति वर्ष मछली बीज डालना होता हैं किंतु पिछला ठेकदार ने 10 वर्षों में केवल एक बार मछली बीज डाला था, यह मत्स्य विभाग और ठेकेदार की मिलीभगत और भ्रष्टाचार का साफ़ नमूना है। साथ ही पानी में मछलियों के निर्मम दोहन से बांध के जल पर असर पड़ता है।

### दिसंबर माह में शासन स्तर से ही ई-केवायसी नहीं कराने वाले सदस्यों के आबंटन पर लगी रोक

# राशन कार्ड के 95 हजार सदस्यों के नाम से आबंटित होने वाली खाद्य सामग्री बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खाद्य विभाग के राशन कार्ड हितग्राहियों के 95 हजार सदस्यों का दिसंबर माह से उनके हिस्से में आने वाली खाद्य सामग्री के वितरण पर रोक लगा दी गई है। ऐसे सदस्यों के द्वारा ई-केवायसी नहीं कराए जाने की वजह से शासन स्तर से ही आबंटन पर रोक लगाई गई है जिससे एपीएल, बीपीएल परिवारों को आबंटित होने वाली खाद्य सामग्री में कमी आ गई है। इससे हितग्राहियों में हड़कंप मच गया है।

मुख्यमंत्री खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत बीपीएल और एपीएल परिवारों को अलग अलग दर पर चावल एवं अन्य खाद्य सामग्री वितरित की जा रही है। व्यवस्था पर सुधार के उद्देश्य से पिछले वर्ष से राशन कार्ड के सभी सदस्यों की ई-केवायसी कराना अनिवार्य किया गया है और इसके लिए समय समय पर सूचना जारी कर ई-केवायसी की समयावधि भी बढ़ाई गई ताकि जो सदस्य ई केवायसी कराने में छूट गए हैं वे ई केवायसी करा लें। इसमें कुछ ऐसे सदस्य भी सामने आए जिसमें कार्ड के मुखिया ने ई केवायसी तो कराया है लेकिन सदस्यों ने नहीं कराया है। ऐसे राशन कार्डधारियों के सदस्यों के नाम से खाद्य सामग्री का आबंटन दिसंबर माह से बंद कर दिया गया है। स्थिति यह हो गई है कि जिस परिवार में 35 किलो चावल जाता था अब वह 15 से 20 किलो में आकर सिमट गया है कुछ पीडीएस दुकान में तो एक कार्ड पर 5 किलो ही खाद्य सामग्री मिली है क्योंकि ई केवायसी मुखिया का ही हुआ है शेष सदस्यो से ई केवायसी नहीं कराया था इसलिए उनके नाम से आने वाली खाद्य सामग्री दिसंबर माह से बंद कर दी गई है।

#### खास बात

- ई-केवायसी कराने के लिए बार बार विभाग के द्वारा बढ़ाई गई थी तिथि



राशन लेती हितग्राही।

#### मिल रही थी खाद्य सामग्री इसलिए नहीं लिया गंभीरता से

ई-केवायसी कराने के निर्देश के बाद भी जिन सदस्यों के द्वारा अपना ई केवायसी नहीं कराया गया था उसके बावजूद उनके नाम से खाद्य सामग्री आबंटित हो रही थी इसलिए ऐसे सदस्यों ने ई-केवायसी कराना उचित नहीं समझा और अब दिसंबर महीने में खाद्य सामग्री का आबंटन बंद हुआ तो ऐसे सदस्य पीडीएस दुकान से लेकर खाद्य विभाग के चक्कर काट रहे हैं। राशन कार्ड में मुखिया के अलावा शामिल कुछ सदस्य ऐसे हैं जिनके नाम शहर के राशन कार्ड में होने के साथ साथ गांव के राशन कार्ड में भी है। यही कारण था कि फर्जीवाड़े में पकड़े जाने के भय से ई-केवायसी नहीं कराया गया।

#### राशन कार्ड भी हो रहे निरस्त

विभाग के द्वारा ऐसे राशन कार्डों को भी निरस्त किया जा रहा है जो राशन कार्ड तो बनवा लिए हैं लेकिन खाद्य सामग्री का उठाव नहीं किए हैं। ऐसे हितग्राहियों के राशन कार्ड विभाग ने अक्टूबर महीने में ही निरस्त कर दिए थे। इसके अलावा ऐसे राशन कार्ड भी निरस्त हुए हैं जिनके मुखिया कहीं और राशन कार्ड बनवा लिए हैं। विभाग के अनुसार 7 हजार राशन कार्डों को निरस्त करने की कार्यवाही की गई है।

# चचिया में दंतैल ने तोड़ी फेंसिंग, धान स्टॉक के पास विचरण से बढ़ी मुश्किलें



चचिया धान खरीदी केंद्र में मंडराता हाथी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में 15 नवंबर से धान खरीदी शुरु हो गई है। वहीं जिले के हाथी प्रभावित क्षेत्रों में स्थित उपार्जन केंद्रों में चुनौतियों के बीच खरीदी की जा रही है। पिछले साल चचिया गांव में दंतैल हाथी ने उत्पात मचाते हुए सरकारी विभाग द्वारा की गई फेंसिंग क्षतिग्रस्त कर दी। रात्रि में उसे धान के स्टॉक के पास विचरण करते देखा गया। हालांकि बाद में उसे किसी तरह खदेड़ा जाना संभव हो सका। प्रभावित क्षेत्रों में हाथियों की मौजूदगी से कर्मी भयभीत हैं।

कोरबा वनमंडल के ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों की उपस्थिति ने जन सामान्य के साथ आदिवासी सेवा सहकारी समितियों को मुश्किल में डाल दिया है, जिनके कंधों पर सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जिम्मेदारी है। आए दिन इस क्षेत्र में हाथियों की पहुंच रहे हैं। इन सबके बीच चचिया गांव में पिछली शाम एक दंतैल हाथी की मौजूदगी ने न केवल लोगों को डराया बल्कि कई मुश्किलें भी पैदा हो गई। बताया जाता है कि चचिया के धान उपार्जन केंद्र से कुछ ही दूरी पर जंगली जानवरों को रोकने के लिए फेंसिंग तार का एक बड़ा हिस्सा हाथी ने रौंद डाला। घटना का सुखद पहलु रहा कि महज कुछ ही दूरी पर 754 क्विंटल धान की मात्रा स्टॉक को नुकसान नहीं पहुंचाया। रात्रि में 7.30 बजे के आसपास दंतैल हाथी धान के स्टॉक की तरफ बढ़ाने लगा था लेकिन वन विभाग की टीम दंतैल हाथी को किसी तरह खदेड़ते हुए जंगल की ओर भेजा। जिले में धान उपार्जन केंद्रों में उपार्जित मात्रा का उठाव जल्द कराने के लिए लगातार राइस मिलर्स को डीओ जारी किए जा रहे हैं और इसी अनुपात में मौके से उठाव भी किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा निर्देश दिया गया है संबंधित अधिकारी और राईस मिलर्स को हाथी प्रभावित क्षेत्रों में जाकर धान उठाव में सहयोग करें।

#### बरपाली, चिर्रा समेत कई केंद्रों में डर का माहौल

कुदमुरा, चचिया, चिर्रा, बरपाली (जिल्गा), श्यांग जैसे क्षेत्रों में हाथी बारी-बारी से पहुंचने के साथ न केवल दहशत पैदा कर रहे हैं बल्कि उपार्जन के कर्मी और किसानों में भय का माहौल बना हुआ है। जिस तरह से खरीदी का काम विशेष रूप से हाथी बाहुल्य क्षेत्रों में चल रहा है, उससे ऐसा नहीं लगता कि अंतिम समय तक निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति किया जा सकेगा।

# गुरसिया एवं पचरा में अवैध धान भंडारण पर संयुक्त टीम की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के निर्देशन में गठित संयुक्त टीम द्वारा अवैध रूप से भंडारित धान पर व्यापक कार्रवाई की गई। गुरसिया क्षेत्र में किए गए निरीक्षण के दौरान व्यापारी भरत अग्रवाल के गोदाम से 108 बोरी धान और 132 बोरी चार गुठली तथा व्यापारी मोहन लाल अग्रवाल की दुकान से 30 बोरी चार गुठली बिना किसी वैध दस्तावेज के भंडारित पाई गई। मंडी अधिनियम के तहत यह संपूर्ण सामग्री जब्त कर ली गई और आगामी कार्रवाई तक संबंधित व्यापारियों की सुपुर्दगी में रखी गई। इसी क्रम में ग्राम पंचायत पचरा में संचालित किराना दुकान संचालक चारुदत्त जायसवाल के गोदाम में भंडारित 135 बोरी, लगभग 54 क्विंटल धान भी बिना वैध दस्तावेज के पाया गया। संयुक्त जांच दल द्वारा यहां भी मंडी अधिनियम के अंतर्गत आवश्यक जब्ती की कार्रवाई की गई। संयुक्त टीम द्वारा गुरसिया और पचरा में की गई यह कार्यवाही जिले में अवैध धान भंडारण एवं अनियमितताओं पर रोक लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रभावी कदम है।



#### स्टॉक में अनुपात से कम मिला चावल

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन एवं कटघोरा एसडीएम के मार्गदर्शन में सोमवार को कटघोरा स्थित राइस मिल मेसर्स सुरभि राइस प्रोडक्ट का निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन किया गया। यह कार्रवाई तहसीलदार कटघोरा सूर्यप्रकाश केशकर, खाद्य निरीक्षक कटघोरा सुरेन्द्र कुमार लाँझी, तथा राजस्व निरीक्षक कमलेश साहू की संयुक्त टीम द्वारा की गई। निरीक्षण के दौरान मिल में उपलब्ध स्टॉक की विस्तृत जांच की गई। कस्टम मिलिंग वर्ष 2024-25 में मिलर द्वारा उठाए गए कुल धान के विरुद्ध जमा किया जाने वाला चावल अपेक्षित मात्रा से कम पाया गया। जांच में 6428.76 क्विंटल चावल (आनुपातिक धान मात्रा 9595.16 क्विंटल) की कमी दर्ज की गई। मिल परिसर में भौतिक रूप से पाए गए शेष स्टॉक 205 क्विंटल चावल एवं 82 क्विंटल धान को मौके पर ही जप्त किया गया।

# मौसम गुलजार, पिकनिक स्थलों पर बढ़ने लगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में ठंड का मौसम शुरू होते ही पिकनिक स्थलों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ने लगी है। सप्ताह के सातों दिन कोरबा और आसपास के सभी प्रमुख पिकनिक स्पॉट गुलजार नजर आ रहे हैं। प्राकृतिक खूबसूरती के बीच मौजूद कई खतरों के बावजूद, इन स्थलों में सुरक्षा व्यवस्था न के बराबर है, जिससे पर्यटकों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। देवपहरी इन दिनों सबसे ज्यादा भीड़ आकर्षित करने वाला स्थल बना हुआ है। यहां की चमकदार चट्टानें दूर से बेहद आकर्षक दिखती हैं, लेकिन यही चट्टानें अपनी नुकीली संरचना के कारण खतरनाक भी साबित हो सकती हैं। पानी की धार से वर्षों में तराशी गई ये चट्टानें कई जगह बेहद फिसलनभरी और धारदार हैं, जहां जरा सी लापरवाही दुर्घटनाओं को जन्म दे सकती है। अपनी सुंदरता के बावजूद, इस स्थल सहित कई अन्य पिकनिक स्पॉट्स में सुरक्षा प्रबंध बेहद कमजोर हैं। झोराघाट, देवपहरी, सतरेंगा, केसला, रानी झरना, कॉफी प्वाइंट, गहनिया, नकिया वाटर प्वाइंट, व्यू प्वाइंट, टाइगर प्वाइंट, खेतार वाटर फॉल, रैनखोल वाटर फॉल, केंदई वाटर फॉल, चैतुरगढ़, बांगो डेम, गोल्डन आयलैंड सहित अनेक पिकनिक स्थल इन दिनों लोगों से पटे रहते हैं। लेकिन दूर-दराज स्थित इन जगहों पर शासन-प्रशासन द्वारा सुरक्षा कर्मियों की तैनाती संभव नहीं हो पाती।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### शहर के बीच से गुजरने के कारण निर्मित होने वाली अप्रिय स्थिति के लिए प्रशासन होगा जिम्मेदार

# ट्रक एसोसिएशन ने मांगा भारी वाहनों के आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुदुरमाल पुल से भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाए जाने से कोरबा ट्रक ट्रेलर एसोसिएशन ने भारी वाहनों के आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग की मांग करते हुए कहा है कि भारी वाहनों के शहर के बीच से गुजरने के कारण अगर कोई अप्रिय स्थिति निर्मित होती है तो इसकी जवाबदारी प्रशासन की होगी।

प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष सुबोध सिंह ने कहा कि ट्रक परिवहन कोरबा का प्रमुख व्यवसाय है जो शासन प्रशासन के गलत निर्णय के कारण प्रभावित हो रहा है। कुदुरमाल पुल के जर्जर होने पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक तो लगा दी गई किंतु जो वैकल्पिक मार्ग दिया गया है उससे वाहनों को बीच शहर से होकर 25 किलोमीटर घूमकर जाना पड़ रहा है। इससे शहर के विभिन्न हिस्सों में जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। श्री सिंह ने कहा कि इस व्यवसाय से लगभग 50 हजार लोगों का रोजगार जुड़ा हुआ है लेकिन ट्रांसपोर्टरों की समस्याओं को शासन प्रशासन द्वारा गंभीरता से नहीं लिया जाता। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारी वाहन बीच शहर से गुजर रहा है इस बीच कोई अप्रिय स्थिति निर्मित होती है तो उसकी जवाबदारी प्रशासन की होगी। श्री सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि सड़क मार्ग और पुल के संबंध में एसोसिएशन ने कई मर्तबा प्रशासन को अवगत कराया है किंतु उसके पत्र को गंभीरता से नहीं लिया गया। सुबोध सिंह ने कहा कि कुदुरमाल पुल की मरम्मत के लिए पीडब्ल्यूडी ने 1 करोड़ रुपए का प्रस्ताव तैयार किया था किंतु विभाग को उक्त राशि नहीं मिली और कुदुरमाल पुल जर्जर हो गया। उन्होंने कहा कि कुदुरमाल कनकी सड़क ही एक वैकल्पिक मार्ग के रुप में भारी वाहनों को मिली थी और वह भी बंद कर दी गई। अध्यक्ष श्री सिंह ने इस समस्या के लिए जनप्रतिनिधियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि औद्योगिक जिला होने के बावजूद भारी वाहनों के आवागमन के लिए कोई स्थाई वैकल्पिक मार्ग नहीं तैयार किया गया है।

#### खास बात

- कुदुरमाल पुल बंद होने के बाद शहर के बीच से गुजर रहे हैं भारी वाहन



पत्रकारवार्ता में जानकारी देते एसोसिएशन के अध्यक्ष व अन्य।

online Booking:-www.tripuryatra.com



20 वर्षों से

बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)

रामेश्वरम् धाम यात्रा

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,

40 शीटें शेष

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354 411411